>

Title: Regarding sale of bottled mineral water by a company based in Solan, Himachal Pradesh at exorbitant rates.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): अध्यक्ष महोदया, पूरे देश में पीने के पानी की जो बोतलें सप्लाई की जाती हैं, उनमें बिसलरी, किनले, एक्वाफिना, किंगफिशर आदि विभिन्न कम्पनीज प्रमुख हैं। इनकी एक लीटर पानी की बोतल का दाम 12 रुपए से 15 रुपए तक है। जबकि अन्य दूसरी कम्पनीज ने मिनरल वाटर का निर्माण किया है, जैसे हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में मिनरल वाटर की एक कम्पनी नेचुरल प्रिंग है। इसके द्वारा तैयार पानी की 200 एम.एल. की बोतल का दाम 25 रुपए है। इस प्रकार से पीने के पानी की बोतलों की कीमत बढ़ा दी गई है। मैं चाहूंगा कि शासन पीने की पानी की बोतलों की कीमतों में एकरूपता लाए।